मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 200 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
04 जनवरी 2024 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
26 अधिकतम
12 न्यूनतम




## आज गिरफ्तारी की आशंका
# केजरीवाल के घर कार्यकर्ताओं ने बनाया 'सुरक्षा घेरा'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वहीं आप नेताओं ने आशंका जताई है कि उनके नेता को आज गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके चलते केजरीवाल के आसपास भारी संख्या में समर्थक जुट गये हैं। हालांकि, ईडी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि केजरीवाल को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। कल वे नोटिस के बाद भी पूछताछ के लिये नहीं पहुंचे थे और ईडी अब चौथा नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

माना जा रहा है कि यदि ईडी गिरफ्तार करने की कोशिश करती है तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय के तीसरे नोटिस पर केजरीवाल ने इसे गैर कानूनी करार दिया था।पार्टी नेताओं आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मीन शाह ने बुधवार आधी रात दावा किया कि गुरुवार सुबह ईडी केजरीवाल के घर छापा मारने की तैयारी में है। इसके साथ ही केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इसके चलते आज सुबह से उनके आवास पर हलचल है।



**मोहल्ला क्लीनिक जांचः** अब आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक्स में नकली मरीजों पर लाखों टेस्ट करने के मामले में विजिलेंस की रिपोर्ट आने के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव ने फाइल उपराज्यपाल के पास भेजी और अब दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है।

### क्या है अधिकार

क्या वाकई ईडी के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का कोई वाजिब कारण है? तो इसका जवाब है- हां। दरअसल, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा-19 के तहत ईडी को अधिकार है कि लगातार तीन बार समन के बाद भी अगर कोई पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होता है, तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है।

## मप्र के प्रशासनिक गलियारों में सीएम के दौरों व फैसलों से हलचल...
# संभागों पर नजर: ग्वालियर की नब्ज टटोलने पहुंचे मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज ग्वालियर में रोडशो व ग्वालियर मेला उद्घाटन के लिये पहुंच गये हैं। खास बात यह है कि वे अपने दौरे के जरिये संभागों की नब्ज टटोल रहे हैं। उज्जैन, इंदौर जबलपुर के बाद वे ग्वालियर के प्रशासनिक हालातों का ब्योरा शाम को अफसरों से लेंगे। कानून व्यवस्था और विकास कार्य उनके रडार पर हैं। गौरतलब है कि यादव का पिछला ग्वालियर दौरा जल्दी में ही निबट गया था। वे गौरव दिवस कार्यक्रम में ग्वालियर आए थे, हालाकि यह दौरा कुछ ही मिनटों तक सिमट गया था। ग्वालियर संभाग भाजपा के सियासी गणित के हिसाब से भी महत्वपूर्ण है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि संभाग समीक्षा का काम निपटने के बाद वे जिला स्तर पर भी समीक्षा करने के मूड में हैं। इसी आधार पर वे अफसरो के कामकाज व जनता की भावनाओं को समझते हुए प्रशासनिक परिवर्तन की तैयारी में हैं।आज जनआभार यात्रा में उनके साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर समेत कई विधायक व मंत्री शामिल हैं। वे गोला का मंदिर चौराहा से जन आभार यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद लाल टिपारा गोशाला के विकास कार्यों का उदघाटन करेंगे। फिर मेला परिसर पहुंचकर ग्वालियर व्यापार मेला का उदघाटन करेंगे। शाम को राजस्व भवन के सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को लेकर अफसरों ने खासी तैयारी की है।


फाइल फोटो

### क्या हम ताली बजाने वहां जाएं: शंकराचार्य

वहीं अयोध्या में राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ओडिशा के जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि वे अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अयोध्या नहीं जाएंगे। क्यों कि वहां पीएम मोदी लोकार्पण करेंगे, मूर्ति का स्पर्श करेंगे तो मैं वहां तालियां बजाकर जय-जयकार करूंगा क्या? शंकराचार्य ने कहा कि मेरे पद की भी मर्यादा है। राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार होनी चाहिए। मुझे जो आमंत्रण मिला है उसमें लिखा है कि आप और आपके साथ सिर्फ एक व्यक्ति आयोजन में आ सकता है, इसके अलावा हमसे किसी तरह का अब तक संपर्क नहीं किया गया है।



### दिल्ली बैठक : लोस चुनाव का प्लान लेकर पहुंचे पटवारी

मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी आज लोकसभा चुनाव की तैयारी पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट हाइकमान को देंगे। पार्टी ने सभी प्रदेशाध्यक्षों व नेता प्रतिपक्ष की बैठक बुलाई है, ताकि लोकसभा चुनाव की तैयारी और जिन राज्यों में गठबंधन में चुनाव लड़ना है, वहां की रणनीति तय की जा सके। बताया जाता है कि पटवारी मप्र की सभी उन्तीस सीटों के बारे में प्रारंभिक रिपोर्ट भी लेकर गये हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। बताया जाता है कि हाइकमान मप्र समेत कुछ राज्यों में अन्य पार्टी के तालमेल के बिना सीधे भाजपा के खिलाफ उतरने की तैयारी में है। इसके लिये 290 सीटें छांटी गई है।




### रामलला की मूर्ति पर दिग्विजय का बयान, भाजपा का पलटवार

इधर भाजपा संवाद प्रमुख आशीष अग्रवाल ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के राम प्रतिमा के संबंध में दिये बयान पर कहा है कि 'श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के ये प्रतिनिधि जब श्रीराम मंदिर बनने से नहीं रोक पाए तो अब येन-केन-प्रकारेण विघ्न कैसे डाला जाए इसके लिए षड्यंत्र रच रहे हैं।' अग्रवाल ने कहा कि मंदिर समिति ने योजना बनाई है कि श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में नवीन तथा पुरानी दोनों मूर्तियां विराजमान होंगी। नवीन मूर्ति को अचल स्वरूप में 'स्थिर मूर्ति' तथा पुरानी को चल स्वरूप में 'उत्सव मूर्ति' के रूप में विराजमान किया जाएगा।





# जाड़े से जड़ हुआ जनजीवन

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पहाड़ों पर बर्फबारी का असर दिल्ली समेत समूचे उत्तरभारत पर दिखाई दे रहा है। इन दिनों कड़ाके की ठंड की मार से जनजीवन थमा लग रहा है। वहीं मप्र में भी चार दिन से कोहरा,ठंडी हवा और बूंदाबांदी का दौर है। आज भी सोलह शहरों में बूंदाबादी का संभावना है,सूरज के दर्शन मुश्किल हो रहे हैं। ग्वालियर व नौगांव सबसे ठंडा है। भोपाल में तीन दिन से घना कोहरा सुबह दस बजे तक छंट पा रहा है। कम दृश्यता के चलते ट्रेन, फ्लाइट भी प्रभावित हो रही हैं। दिल्ली में आज पारा और लुढकने के आसार हैं तथा यलो अलर्ट जारी किया गया है। ताकपान 7 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

### रामलला के लिए गरम वस्त्र

उधर 22 जनवरी को अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी के बीच वशिष्ठ कुंड के पास रामलला के दर्जी भगवत प्रसाद पहाड़ी की मशीनों की खटर-पटर तेज है। भगवत प्रसाद कहते हैं, 31 दिसंबर से ही हम भगवान के विग्रहों के लिए कपड़े तैयार करने में लगे हुए हैं। प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। उस दिन सोमवार है और दिन के अनुसार तो हमने सफेद वस्त्र तैयार किए हैं, लेकिन हो सकता है कि भगवान को पीतांबर वस्त्र धारण कराए जाएं। इसलिए पीले वस्त्र भी तैयार कर रहे हैं। खास बात यह है कि रामलला के लिए दिन के अनुसार अलग-अलग रंग के वस्त्र तैयार कर रहे हैं। ठंड को देखते हुए सात रंगों के अलग-अलग मखमल के कपड़े तैयार किए जा रहे हैं।



# पाकिस्तान के साथ 9 जून को भिड़ेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस साल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप जून में खेला जाएगा. इसके लिए जल्द ही शेड्यूल घोषित किया जाएगा। मगर खबरें हैं कि भारतीय टीम का पहला मैच 5 जून को आयरलैंड से होगा। जबकि दूसरा मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को खेला जाएगा। तीसरा मैच 12 जून को अमेरिका से होगा. यह तीनों मुकाबले न्यूयॉर्क में खेले जाएंगे. बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा. हालांकि आखिरी मौके पर वर्ल्ड कप के शेड्यूल बदलाव भी हो सकता है। उल्लेखनीय है भारतीय क्रिकेट टीम भी अपने नए साल के सफर में जुट गई है। माना जा रहा है कि भारतीय टीम के लिए इस साल आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सुनहरा मौका है।



# 9 को निलंबित सांसदों पर फैसला करेगी विशेषाधिकार समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति की अगली बैठक नौ जनवरी को डॉ. हरिवंश की अध्यक्षता में होनी है। सूत्र के अनुसार, समिति के समक्ष विभिन्न मामले लंबित हैं, जिनमें हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान 11 सांसदों के निलंबन से संबंधित मामला भी शामिल है। गौरतलब है कि शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा से भी 46 सदस्यों को निलंबित किया गया था। इनमें 11 सदस्यों का मामला उच्च सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। इस समिति की अध्यक्षता उपसभापति हरिवंश के पास है। निलंबन मामले पर राज्यसभा की समिति की बैठक अभी बाकी है। इस विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक, विपक्षी पार्टी के सांसदों- जेबी माथेर हिशाम, एल हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जी सी चन्द्रशेखर (सभी कांग्रेस); बिनॉय विश्वम और संदोश कुमार पी. (दोनों सीपीआई), एम मोहम्मद अब्दुल्ला (डीएमके), जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम (दोनों सीपीआई-एम) को निलंबित किया गया है।

# पति की लाश के साथ 13 घंटे किया सफर

**झांसी।** अहमदाबाद से अयोध्या जा रही साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच के यात्री करीब 13 घंटे तक एक शव के साथ सफर करते रहे। ट्रेन जब झांसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची तब शव को कोच से उतारा गया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर जीआरपी ने कार्यवाही शुरु की। इस दौरान मृतक की पत्नी शव के साथ बैठी रही। दरअसल, रामकुमार अपनी पत्नी, छोटे बच्चों और एक साथी के साथ सूरत से अयोध्या की यात्रा कर रहा था। ट्रेन में ही वो सो गया. लेकिन कई घंटे बाद भी जब नहीं उठा तो पास बैठे लोगों को शक हुआ। हिलाने-डुलाने पर पता चला कि शख्स की तो सांसे थम चुकी हैं। रामकुमार अयोध्या के इनायत नगर स्थित मजलाई गांव के निवासी थे।



# भारतीय ड्राइवर की 45 करोड़ की लॉटरी लगी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एक भारतीय शख्स की किस्मत एक पल में पलट गई। अब उसे खुद यकीन नहीं हो रहा है। ये शख्स फिलहाल दुबई में रहता है और ड्राइवर के तौर पर काम करता है मगर उसने 45 करोड़ रुपये जीत लिए हैं। इसका नाम मुनव्वर फिरोज है। उन्होंने बिग टिकट लाइव ड्रा में 20 मिलियन यूएई दिरहम का जैकपॉट पुरस्कार जीता है। उन्होंने अपने नाम से लॉटरी के लिए टिकट खरीदा था, उसके लिए 30 लोगों ने मिलकर भुगतान किया था। अब जीत की रकम इन सभी लोगों में बांटी जाएगी। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मुनव्वर बिग टिकट के लंबे वक्त से ग्राहक हैं वो बीते पांच साल से हर महीने लॉटरी का टिकट खरीद रहे हैं।

### आज का कार्टून




**मेट्रो एंकर**

## खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने दिया नोटिस, सैंडविच बना मुसीबत...
# एक कीड़े से सबसे बड़ी एयरलाइन का लाइसेंस खतरे में!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नाना पाटेकर की एक फिल्म का डायलाग चर्चित था कि एक मच्छर आदमी को.. बना देता है। ताजा मामला देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का है जिसका लाइसेंस एक कीड़े के कारण खतरे में है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कंपनी को एक कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा है कि क्यों नहीं उसका लाइसेंस सस्पेंड या कैंसल करने पर विचार किया जाना चाहिए? यह मामला इंडिगो की एक फ्लाइट में परोसे गए खाने में कीड़ा पाए जाने से जुड़ा है। इस बारे में एक महिला यात्री ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया था। उनकी शिकायत पर प्राधिकरण ने इंडिगो को नोटिस जारी किया है। दरअसल 29 दिसंबर को दिल्ली से मुंबई की फ्लाइट नंबर के दौरान यात्रियों को परोसे गए सैंडविच में कीड़ा मिला था। इंडिगो ने कारण बताओ नोटिस की पुष्टि करते हुए कहा है कि वह प्रोटोकॉल के मुताबिक इसका जवाब देगी। कंपनी को जवाब देने के लिए नौ जनवरी तक का वक्त दिया गया है।

बताया जाता है कि महिला यात्री खुशबू गुप्ता ने सैंडविच में कीड़ा मिलने की शिकायत की थी। उन्होंने इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। इंडिगो ने इस बारे में माफी मांगते हुए कहा था कि मामले की जांच की जा रही है। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन को इस मामले की जानकारी है। महिला यात्री की शिकायत के बाद सैंडविच परोसना तुरंत बंद कर दिया गया था। मामले की फिलहाल जांच की जा रही है।

### आम आदमी को हवाई यात्रा का सपना दिखाया

उल्लेखनीय है कि इंडिगो की शुरुआत 06 में **राहुल भाटिया** और **राकेश गंगवाल** ने की थी। आज यह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है और इसका मार्केट शेयर करीब 60 परसेंट है। कंपनी ने सबसे पहले कंपनी ने उन लोगों को अपना कस्टमर बेस बनाया जो हवाई सफर तो करना चाहते थे लेकिन उनके पास ज्यादा पैसे नहीं थे। कंपनी ने देश के प्रमुख शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने का काम किया और कम कीमत पर लोगों को हवाई यात्रा देने का सपना पूरा किया। कंपनी रोजाना 1300 से ज्यादा फ्लाइट्स ऑपरेट करती है और दुनिया की टॉप 10 एयरलाइन्स में शामिल है। दुनिया भर के 60 शहरों में इसके 126 ऑफिस व पच्चीस हजार कर्मचारी हैं।



# शहर में छाया घना कोहरा, सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड...



गुरुवार सुबह



**भोपाल।** बुधवार रात व गुरुवार सुबह शहर में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ बर्फीली हवाएं चलने से लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास हुआ। ठंड और घने कोहरे के बीच लोगों की दिनचर्या प्रभावित रही। ठंड से राहत के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। छाया चित्र लाल घाटी क्षेत्र का । फोटो निर्मल व्यास

### मप्र मानव अधिकार आयोग सख्त

# बिना डॉक्टरी पर्चे के बिक रही प्रतिबंधित दवाओं के मामले जांच के निर्देश

### कन्ट्रोलर, फूड एण्ड ड्रग्स, मप्र से 15 दिन के भीतर मांगी रिपोर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के 11 मामलों में संज्ञान लिया है। शहर में प्रतिबंधित दवाएं बिना डॉक्टरी पर्चे के मेडिकल स्टोर्स पर बिकने का मामला सामने आने के बाद मामले में आयोग ने कन्ट्रोलर, फूड एण्ड ड्रग्स, मप्र, को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग न प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय को रोकने के संबधं में की गई कार्यवाही संबंध के बारे में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, भोपाल शहर में चार साल के बच्चों के लिए प्रतिबंधित की गई दवाएं बिना डॉक्टरी पर्चे के मेडिकल स्टोर्स पर बेचा जा रहा है। दवा के पर्चे पर रेडमार्क के साथ चेतावनी भी लिखी हुई है कि बिना चिकित्सक के परामर्श के इस दवा का सेवन बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।




### नशे में धुत पुलिसकर्मी के मामले में मांगा जवाब

भोपाल जिले के गौतम नगर थानाक्षेत्र में बीते सोमवार-मंगलवार को नशे में धुत एक पुलिसकर्मी ने अपनी कार से आधा दर्जन लोगों को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल करने में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिन के भीतर मांगा है।

**पति ने वॉटर हीटर की गर्म रॉड से पत्नी को दागा:** भोपाल के नेहरू नगर में एक दंपति के बीच हुए आपसी विवाद में पत्नी पर उसके पति द्वारा वॉटर हीटर की गर्म रॉड से दागने का मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नरको जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## 24 पदों के लिए 96 प्रत्याशी मैदान में, 125 निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति

**भोपाल।** भोपाल में 8 जनवरी को होने वाले जिला अभिभाषक संघ के द्वि-वर्षीय चुनाव वर्ष 2023-25 के लिए तैयारियां तेज हो गई है। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालयाध्यक्ष तथा पुरुष-महिला कार्यकारिणी सदस्य के 24 पदों हेतु 96 प्रत्याशी मैदान में है। निर्वाचन को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में 17 अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी लगभग 125 निर्वाचन अधिकारियों को नियुक्ति की गई है। 04 एवं 05 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक न्यायालय परिसर में टेंडर वोटिंग कराई जाएगी। वहीं निर्वाचन हेतु वोटिंग 08 जनवरी को सुबह 8:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक जिला न्यायालय परिसर होगी।

**8500 अधिवक्ता पंजीकृत, 4616 करेंगे मत का प्रयोग:** मुख्य चुनाव अधिकारी रवीन्द्र तिवारी ने बताया कि भोपाल में 8500 अधिवक्ता पंजीकृत है जिसमें से मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल की वेरीफिकेशन लिस्ट के अनुसार 4616 अधिवक्ता मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

**100 पोलिंग बूथ निर्मित किए जाएंगे:** मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए 100 पोलिंग बूथ निर्मित किए जाएंगे तथा निर्वाचन की संपूर्ण प्रकिया को पारदर्शिता प्रदान करने के लिए वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। साथ ही प्रशासन के सहयोग से तथा प्रधान न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी ने दी थी गाइडलाइन

# वन विहार के आसपास पक्के निर्माण बढ़े, गाइडलाइन का पालन *जीरो*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन विहार नेशनल पार्क से लगी सीमा में पक्के निर्माण प्रतिबंधित है। तब भी पक्के निर्माणों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यही हाल रहा तो पार्क के आसपास आने वाले कुछ ही वर्षों में अच्छी–खासी आबादी हो जाएगी, जिसे हटाना संभव नहीं होगा।

इसका असर यहां रखे जा रहे वन्यप्राणियों को होगा। ध्वनि प्रदूषण के साथ–साथ क्षेत्र में वायु प्रदूषण भी बढ़ने की आशंका है। पार्क का एक बड़ा हिस्सा बड़े तालाब से जुड़ा है, आसपास रहने वाली आबादी की संख्या बढ़ेगी तो इनके उपयोग से निकलने वाले अपशिष्ठ की मात्रा भी बढ़नी तय है जो बड़े तालाब की सेहत और खराब करेगा और इसका भी विपरित असर यहां रखे जा रहे वन्यप्राणियों पर पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी कह चुकी है कि पार्क की सीमा से 1 किलोमीटर के दायरे में कोई भी खनन अर्थात पक्का निर्माण न हो। इस गाइडलाइन का पालन करने के लिए एक वर्ष पहले स्थानीय प्रशासन ने पार्क व तालाब की सीमा से सटे गांवों में कार्रवाई शुरू की थी। इन क्षेत्रों में किए जाने वाले पक्के निर्माण कार्यों को



रुकवाया था। बकायदा सर्वे कर ऐसे भूमि स्वामियों को नोटिस तामिल कराए थे लेकिन इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया और कुछ भी नहीं हुआ। यही नहीं, भदभदा, बोट क्लब, न्यायिक अकादमी और मानव संग्रहालय क्षेत्र से लगे क्षेत्रों में कई निर्माण कार्य हो चुके हैं जिस पर प्रशासन का ध्यान ही नहीं है।

### मनोज घूसर संत रविदास सब्जीमण्डी के अध्यक्ष बने



# गांधीनगर बस स्टैंड की अस्थाई सब्जी मण्डी नई मण्डी में पहुंची

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गांधीनगर बस स्टैंड पर अस्थायी रूप से कारोबार करने वाले सब्जी विक्रेता नई सब्जी मंडी में पहुंच गए हैं। सब्जी कारोबारियों ने अपने संगठन का गठन भी कर लिया है, जिसका अध्यक्ष मुकेश घुसर को बनाया गया है। नए अध्यक्ष के चयन के लिए संत रविदास सब्जी मण्डी के व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुबारिक खान ने मनोज घूसर के नाम का प्रस्ताव रखा। व्यापारियों ने विधायक रामेश्वर शर्मा का सुनियोजित ढंग से निर्माणाधीन सब्जी मण्डी में विस्थापित कराने पर आभार व्यक्त किया है। साथ ही मंडी के लिए सिंधी समाज द्वारा भूमि देने के लिए सिंधी समाज के नागरिक और विशेष रूप से अशोक भागचंदानी का आभार व्यक्त किया। बैठक में मनोज घूसर को अध्यक्ष बनने पर व्यापारियों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। घूसर ने व्यापारियों की सर्वसहमति से रमेश हिंगोरानी, खूबचंद भागचंदानी, तुलसीराम बड़गोतिया को संत रविदास सब्जीमण्डी का संरक्षक मनोनीत किया।

# मैनिट और तकनीकी शिक्षा विभाग के बीच आज होगा अनुबंध

### उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार रहेंगे मौजूद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार की उपस्थिति में गुरूवार को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) के बीच अनुबंध किया जाएगा। प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में बीई, बीआर्क के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत् 50 छात्राओं के मैनिट, भोपाल में अध्यापन के संबंध में यह अनुबंध होगा। कार्यक्रम 4 जनवरी को शाम 4 बजे मंत्रालय, वल्लभ भवन में आयोजित होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा मनु श्रीवास्तव एवं मैनिट भोपाल के निदेशक डॉ करुणेश कुमार शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। 0

**मेट्रो एंकर**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए विधायक रामेश्वर

# ‘मोदी के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर का हुआ *निर्माण*, गरीबों का घर भी’

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

500 वर्षों की प्रतीक्षा, संघर्षों एवं बलिदान के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संभव हुआ। प्रधानमंत्री ने श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ साथ काशी और बाबा महाकाल की नगरी को तो संवारा ही साथ ही उन्होंने भारत के करोड़ों ग़रीब परिवारों के पीएम आवास बनाकर उनका भी कल्याण किया।

यह बात विधायक रामेश्वर शर्मा ने कही। शर्मा बुधवार को बंगरसिया, झागरिया एवं कोलार के वार्ड 80 व 81 में पहुँची विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए। शर्मा ने कहा कि यह भारत के इतिहास में पहली बार हो रहा है जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार नागरिक के द्वार द्वार जाकर शासन की योजनाओं का लाभ दे रही है। नहीं तो पहले की सरकारों के द्वार पर नागरिकों को जाना पड़ता था। शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने की नागरिकों के जीवन को बदलने की यात्रा है। बता दे विकसित भारत संकल्प यात्रा लोग विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवेदन देकर योजना का लाभ ले रहे हैं। यात्रा में ड्रोन के माध्यम से दवाई छिड़काव के लिए ड्रोन का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिसके प्रति विशेषकर युवाओं में उत्साह, उमंग एवं उत्सुकता को साफ़ देखा जा रहा है।





# श्रीराम नाम लेखन पुस्तक एवं लाल पेन का वितरण

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति एवं बी वार्ड मोहल्ला समिति ने झूलेलाल मंदिर में हनुमान चालीसा की। श्रीराम नाम लेखन पुस्तक एवं लाल पेन का निःशुल्क वितरण किया।

समिति द्वारा हर घर में जाकर राम नाम लेखन पुस्तक एवं लाल पेन दी गयी। सबको बताया गया कि राम नाम लेखन पुस्तक को अपने बच्चों द्वारा ‘राम राम’ लिखकर भरकर देवे जिसे हम अयोध्या में प्रभुश्री राम मंदिर पहुंचाएंगे, जो भी श्रद्धालुगण नहीं जा सकता उसकी उपस्थिति इससे लग जाएगी। इस अवसर पर समिति संयोजक संतोष तोमर, बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, राज बिजोरिया, लखन शिवनानी, पारस जैन, वासु देवानी, लखन बैरागी, मुकेश, नीरज जैन, लच्छु नाथानी, संतोष आदि उपस्थित थे।





हमारा उद्देश्य
विकसित और खुशहाल
मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
(प्रदेश का सबसे बड़ा व्यावसायिक आयोजन)
ग्वालियर व्यापार मेला
एवं
(गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए)
गौशाला, लाल टिपारा
का उद्घाटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा
तथा
ग्वालियर संभागीय समीक्षा बैठक
4 जनवरी, 2024
अपराह्न 3:00 बजे
ग्वालियर मेला केवल मेला नहीं बल्कि हमारे प्रदेश की संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह मेला प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार देने के साथ प्रदेश में व्यावसायिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अहम माध्यम है। इसे भविष्य में और विशाल स्वरूप में आयोजित किये जाने के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D11161/23
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

सुविचार

''एक अच्छा रिश्ता इस मस्त हवा की तरह होना चाहिए, खामोश। मगर हमेशा आस-पास।''

– अज्ञात

lEikndh;

# हादसे, हड़ताल और नए कानून

सड़क हादसो पर सख्त लगाम लगाने के लिये कड़े कानूनी प्रावधान कोई नहीं मना करेगा,लेकिन देशभर में अचानक नये कानूनों को लेकर भड़का गुस्सा कुछ सोचने का संदेश दे रहा है। कई राज्यों में हाईवे जाम करके आपूर्ति रोकना अचानक नहीं हुआ है। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दिसंबर के अंत में भारत की नई दंड संहिता बीएनएस में हिट-एंड-रन एक्सिडेंट्स के लिए अधिकतम 10 साल की जेल और %7 लाख के जुर्माने% की समीक्षा का अनुरोध किया था। दूसरी तरफ, उसने ट्रक चालकों से भी धैर्य रखने की अपील की थी लेकिन ट्रक ड्राइवरों ने अपील को भाव नहीं दिया और हड़ताल शुरू कर दी। हालांकि अब सरकार के साथ बातचीत के बाद हड़ताल वापस ले ली गई। केंद्र सरकार ने भी आश्वासन दिया कि नए कानून लागू होने से पहले हितधारकों के साथ परामर्श किया जाएगा। दरअसल ट्रक चालकों को डर था कि हिट-एंड-रन मामलों में विशेष रूप से हाईवे पर पुलिस शायद ही कभी जांच करती है, बस ट्रक चालकों को ही दोषी मानती है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अगर मौके पर रुके तो आग-बबूला हुए स्थानीय लोग उसके साथ क्या करेंगे, इसका कुछ अंदाजा नहीं रहता है। इस खौफ से ट्रक ड्राइवर एक्सिडेंट को रिपोर्ट करवाने के लिए मौके पर रुकने की बजाय किसी तरह जान बचाकर निकलने को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि सरकार ने कहा कि कानून में कहीं नहीं लिखा है कि दुर्घटना की सूचना साइट से ही देनी चाहिए। एसोसिएशन का मानना है कि एक तो ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में ड्राइवरों की 27त्न कमी है, ऊपर से 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान लोगों के इस सेक्टर से जुड़ने से रोकेगा। हालांकि यह कानून कार व अन्य वाहन चालकों पर भी लागू होने वाला है। बहरहाल, ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से देश के सप्लाई चेन की जीवन रेखा बाधित होती रही, लोग पेट्रोल डीजल व सब्जी दूध के लिये परेशान होने लगे। फिलहाल तो उम्मीद है पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बहाल होती चली जाएगी। वैसे यदि ट्रक चालकों की दलीलों में दम तो है, लेकिन कानून को दोष देना उनकी परेशानियों का समाधान नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं में भारत दुनिया में सबसे आगे है। वर्ष 2022 में हिट एंड रन मामलों में लगभग 59 हजार लोग मारे गए, जो सड़क हादसों में कुल मौतों का लगभग 30त्न है। इसमें कोई शक नहीं कि लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों की देश में कोई कमी नहीं है, जिनको नियम-कानूनों की कोई परवाह नहीं होती है। हालंकि ट्रक चालकों को झूठे मुकदमे का डर है। पूरे देश में पुलिसिंग का स्तर खराब हो रहा है।केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2020 में एक साक्षात्कार में इसकी सटीक पहचान की। उन्होंने कहा था कि %दुर्घटनाओं और सड़क हादसों के मुख्य कारण गलत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट , चौक-चौराहों की गलत डिजाइनिंग, खराब रोड इंजीनियरिंग,. संकेतों और रोड चिह्नों का अभाव आदि हैं। दरअसल यही तो असल मुद्दा है। इसलिए, केवल कठोर दंड से ही सड़कों को सुरक्षित बनाने का मकसद सही नहीं है। सड़कों और राजमार्गों को ठीक कर दिया जाए तो कानून को नरम करने की ट्रक चालकों की मांग का बहुत कम महत्व रह जाता है। तब सरकार भी ड्राइवरों पर दबाव बना सकती है। खास बात यह है कि यह कानून हाल में संसद में बिना चर्चा पास हुआ है,तब विपक्ष के करीब डेढ़ सौ सांसद निलंबित थे। फिलहाल तो तीन दिन की हड़ताल ने सरकार को भी कुछ ठहरकर सोचने पर विवश किया है तथा ट्रक ड्राइवर्स को भी।

# विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं प्रवासी भारतीय

जयंतीलाल भंडारी



इन दिनों पूरी दुनिया में प्रवासी भारतीयों से संबंधित दो खास बातें रेखांकित हो रही हैं। पहला, जहां प्रवासी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल दे रहे हैं, वहीं भारत भी अपने प्रवासियों के हितों की रक्षा का प्रभावी हिमायती बना हुआ है। दूसरा, 28 दिसंबर को भारत ने कतर में जिन आठ नौसेना के पूर्व भारतीय अधिकारियों की फांसी की सजा को घटवाने में कूटनीतिक भूमिका निभाई है, उनमें एक पूर्णेंदु तिवारी भी हैं, जिन्हें 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान से नवाजा गया था।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी 'माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बीते वर्ष प्रवासी भारतीयों ने करीब 125 अरब डॉलर की धनराशि (रेमिटेंस) स्वदेश भेजी। रेमिटेंस प्राप्त करने में भारत ने मेक्सिको, चीन और फिलिपींस को बहुत पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष पांच रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों में भारत के अलावा मेक्सिको (67 अरब डॉलर) चीन (50 अरब डॉलर) फिलीपींस (40 अरब डॉलर) और मिस्र (24 अरब डॉलर) शामिल हैं। रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई है कि पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में उच्च कौशल वाले लोगों की संख्या ज्यादा है, जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं, जहां से वे अधिक धन भेज रहे हैं। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 100 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी, वहीं 2021 में 87 अरब डॉलर की राशि भेजी थी। जब वर्ष 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी, तब भी आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई 83 अरब डॉलर की धनराशि से यहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। यह छोटी बात नहीं है कि प्रवासियों से धन प्राप्त करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों की सूची में भारत वर्ष 2008 से अब तक पहले स्थान पर बना हुआ है। अतीत में जब भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई, प्रवासियों ने मुक्त हस्त से विदेशी मुद्रा कोष को बढ़ाने में सहयोग दिया है।

बीते वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में भी प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका रही है। विभिन्न देशों में संकटों के बीच फंसे भारतीय प्रवासियों को बचाने और भारत वापसी के लिए महत्वपूर्ण अभियान चलाए हैं। सरकार के मुताबिक, विदेशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए सरकार की ओर से 2014 से दिसंबर, 2023 तक 626 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे 3.42 लाख भारतीयों की मदद की गई। वर्ष 2023 में इस्राइल और हमास के बीच जारी खूनी संघर्ष में इस्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। जब वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था, तब %ऑपरेशन गंगा% के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया था। लेकिन अभी भारत द्वारा अपने प्रवासियों के दुख-दर्द कम करने में और अधिक सहयोग किए जाने की आवश्यकता है। खाड़ी देशों में भारतीय कामगार बड़ी संख्या में हैं, पर ऐसे भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो गलत लोगों या संस्थाओं के हाथ लगकर दुर्दशा के शिकार हो गए हैं। हाल ही में केंद्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 33 हजार से अधिक भारतीय कामगार खाड़ी के देशों में गुलामों की तरह रहने को मजबूर हैं। विदेश मंत्रालय को मार्च, 2021 से वर्ष 2023 के बीच अरब देशों से छह शिकायतें मिली हैं। यद्यपि भारत सरकार ने इन शिकायतों पर संबंधित देशों की सरकारों से दखल देने को कहा है, पर इस दिशा में केंद्र की और अधिक सक्रियता जरूरी है। उम्मीद करें कि नए वर्ष 2024 में प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। साथ ही प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# समाज में वर्चस्व बढ़ाती परिचय सम्मेलन की परंपरा

विपिन कोरी



वर्तमान सामाजिक परिवेश समाज में अपनी एक स्वच्छ भूमिका निभाने के लिए तरह-तरह के प्रयोग, अनुप्रयोग कर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के भरसक प्रयास कर रही है और इसी कड़ी में सामाजिक सम्मेलनों, परिचर्चा, परिचय सम्मेलनों को समाज के ठेकेदारों द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। जहां एक और एक समाज विशेष में विभिन्न प्रकार की जातियां समाहित होती हैं वही समाज के लोगों के बीच सामंजस्य बिठाने और समाज का वर्चस्व बनाने के लिए हर समाज के लोगों द्वारा परिचय सम्मेलनों का परिचालन शुरू हो गया है, जिसमें समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा कई तरह के आयोजन करके समाज में अपनी प्रतिष्ठा बनाने का और इस माध्यम से राजनीति में भी अपनी छवि बनाने की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं का समावेश किया जा रहा है। हर समाज में किसी न किसी बहाने साल में एक दो बार परिचय सम्मेलन तो हो ही जाते हैं। अग्रवाल समाज परिचय सम्मेलन, प्रजापति समाज परिचय सम्मेलन, लोधी परिचय समाज परिचय सम्मेलन, बसोर, वंशकार समाज परिचय, कोरी कोली समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन जैसे विभिन्न समाजों के परिचय सम्मेलनों का आयोजन किया जाने लगा है। हर समाज के लिए यह बहुत अच्छी परंपरा है। इस तरह के आयोजनों से समाज के लोगों में एकङ्कदूसरे की जातियों की भावनाओं को समझने का भी एक अच्छा अवसर मिलता है। आज समाज को ऐसे सम्मेलनों की बहुत आवश्यकता है। इन सम्मेलनों से युवक युवतियों में जागरूकता, साहस, सौम्यता, सभ्यता, संघर्ष, संकल्प, इच्छा शक्ति की भावना पैदा होती है जिससे वे समाज में आगे आकर अपने सामाजिक मूल्यों का निष्ठा के साथ निर्वहन करते हैं और समाज में व्याप्त कुरीतियों को कुछ हद तक दूर करने का भी प्रयास करते हैं और समाज को एक उच्च स्थान दिलाने में उनकी अहम भूमिका होती है। सामाजिक ताना-बाना समझने की भी एक क्षमता प्रबल होती है। इसलिए समाज में परिचय सम्मेलनों की बहुत आवश्यकता है।

## निशाना

### है जारी हड़ताल !



– कृष्णेन्द्र राय

थम गया है पहिया ।
है जारी हड़ताल ।।
आया है क़ानून ।
अब मचा बवाल ।।
किल्लत हुई तेल की ।
लंबी है कतार ।।
है लगा विराम ।
थम गई रफ़्तार ।।
उनके अब समर्थन में ।
आए बड़े लोग ।।
राजनीति भी करनी है ।
है उसका उपयोग ।।
असरदार बनने को ।
हैं बैठे तैयार ।।
खोल रहे हैं मुंह ।
तय अब चमत्कार ।।

## आज का इतिहास

- 2020 - केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। यह नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला का 28वां संस्करण है, इसकी थीम %गांधी- लेखकों के लेखक% रखी गयी।
- **भारतीय** ऑल-राउंडर इरफ़ान पठान ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- 2010- भारत में %स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया% के आदेश पर शेयर बाज़ारों के खुलने का समय एक घंटा पहले सुबह 9 बजे कर दिया गया।
- 2009- पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा।
- 2008 - गुजरात में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी मंत्रीमण्डल में 18 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।
- **अमेरिका** ने श्रीलंका को सैन्य उपकरणों और सेवाओं की आपूर्ति पर रोक लगायी।
- 2006 - दुबई के शासक शेख़मकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन।
- 2004 - भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाक प्रधानमंत्री जमाली के बीच इस्लामाबाद में वार्ता आयोजित।
- 2002 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भारत पहुँचे।
- 1999 - मंगल ग्रह पर भाप का विश्लेषण करने हेतु अमेरिकी यान %मार्स पौसर लैंडर प्रोब% का प्रस्थान।
- 1998 - बांग्लादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया।
- 1990 - पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर में करीब 307 लोग मारे गए और उससे दोगुने घायल हुए।

राष्ट्रीय पक्षी दिवस- 5 जनवरी, 2024

# पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

ललित गर्ग







देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बढ़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षीप्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए। भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरेया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें पक्षियों की संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है। जब हम पक्षियों को संरक्षित रखते हैं, तो हम अपने आप को और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का उपहार देते हैं। मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी।

पक्षियों को विलुप्ति से बचाने के लिये हमें अपने जीवन शैली में सतत वन्यजीवों के लिए स्थान छोड़ना होगा, जैसे कि उनके आवास के लिए उपयुक्त वन, नदी और झीलों की सुरक्षा और सफाई का ध्यान रखना होगा। हमें जैव उपयोग पर नियंत्रण लगाना होगा। कीटनाशकों का सतत उपयोग रोकना चाहिए और पर्यावरण के प्राकृतिक तरीकों से कीटों और रोगों का नियंत्रण करना चाहिए। वन्यजीवों के आहार और आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न संगठनों, सरकारी निकायों और जनसाधारण को मिलकर काम करना चाहिए। हमें प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों और अभयारण्य की स्थापना करनी चाहिए। जनसंचार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को पक्षियों के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने आसपास के पक्षियों के लिए संरक्षण कार्यों में सहभागी बन सकें। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है।

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अनेक कारणों से उसकी संख्या भी घट रही है, जबकि मोर एक बहुत ही सुन्दर तथा आकर्षक पक्षी है। यह भारत के सभी क्षेत्रों में पाया जाता है। मोर के सर पर मुकुट जैसी खूबसूरत कलंगी होती है। इसकी लम्बी गर्दन पर सुन्दर नीला मखमली रंग होता है। मोर की मादा मोरनी कहलाती है। मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण ही भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1963 को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। हमारे पड़ोसी देश म्यांमार और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी भी मोर ही है। मोर का शिकार भारत में पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसे भारतीय वन्य-जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत पूर्ण संरक्षण दिया गया है फिर भी मोर का बड़ी मात्रा में शिकार हो रहा है।

मोर एवं गौरेया पक्षी की भांति अनेक पक्षी प्रजातियां मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

## विधायक शर्मा ने ग्राम सतवारा में ग्रामीणों से की मुलाकात



**सिवनी मालवा।** विधायक प्रेम शंकर वर्मा चुनाव के बाद ग्रामीणों से मुलाकात का सिलसिला जारी है इसी के चलते वे ग्राम सतवासा मे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनके हालचाल जाने। ग्रामवासी की उपस्थिती में दुकान दारो को माला पहनाकर उन्होंने बाजार हाट का भी शुभारंभ किया गया ।

## भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन


**सिवनी मालवा।** ग्राम अमलाडा कला मे चल रही श्री बाबा रामदेव कथा अमृत का हुआ मंगलमय समापन हुआ । विगत सात दिनों से चल रही कथा अमृत मे हमारे क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं कथा वाचक पं. राकेश दीक्षित महाराज ने अपनी मधुर और सरल एवं सहज वांणी से भगवान श्री रामदेव जी महाराज की कथा श्रवण करा कर सभी भगवत प्रेमियों के मन मे अपनी एक अलग पहचान बनाई हे और पं. दीक्षित ने सबको कथा के माध्यम से जीवन को कैसे सरलता से जीना चाहिए और जन जन के प्रिय बनना चाहिए और जगत के साथ साथ जगदीश की कृपा के पात्र कैसे बने यह सरल तरीका बताया और कथा मे दूर दराज से पधारे अनेकानेक भक्तों ने ! भगवान श्री रामदेव जी महाराज की कथा श्रवण कर अपने आप को धन्य माना और भरपूर आनंद के साथ कथा का भंडारा महाप्रसाद के साथ कथा का मंगलमय विश्राम हुआ।



### इटारसी और केसला में धान उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर सुश्री मीना ने किया निरीक्षण

# संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर व्यवस्थित ढंग से की जाए धान खरीदी

### किसानों को कोई असुविधा न हो, समय पर भुगतान किया जाएं



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार को जिले के इटारसी और केसला स्थित उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सबसे पहले कलेक्टर सुश्री मीना ग्राम रैसलपुर स्थित गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र पहुंची। उन्होंने यहां समिति प्रबंधक और उपार्जन संबंधी अधिकारियों से किसानों की स्लॉट बुकिंग के विरुद्ध की गई खरीदी की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस का बारीकी से अवलोकन कर खरीदी गई उपज की स्टेगिंग भी देखी। इसके बाद उन्होंने ग्राम केसला में केसला समिति के वेयरहाउस केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी केंद्र पर ट्रैक्टर ट्राली की लंबी कतार देखकर धीमी खरीदी के संबंध में समिति प्रबंधक और अधिकारियों से जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव , उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ,उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा , जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन ,डीएमओ देवेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति जैन ने बताया कि जिले में निर्धारित 65 उपार्जन केंद्रो में 16471 स्लॉट बुकिंग के विरुद्ध अभी तक 11523 किसानों से 127512 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

### समिति प्रबंधक व वेयर हाउस संचालकों को निर्देश

उन्होंने उपार्जन संबंधी अधिकारियों, समिति प्रबंधक एवं वेयरहाउस संचालकों को निर्देशित किया कि खरीदी केंद्र पर आवश्यक संसाधनों और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर तेजी से खरीदी संपन्न कराएं। खरीदी गई उपज की व्यवस्थित स्टेगिंग करें। सुचारू रूप से परिवहन कराएं। किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी ना हो। निर्धारित स्लॉट के अनुसार तय समय सीमा में खरीदी की जाएं। केंद्रो पर वाहनों की कतारे न लगें। उन्होंने किसानों का समय पर भुगतान किए जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने केंद्र पर मौजूद किसानों से चर्चा कर धान खरीदी की जानकारी। उन्होंने जानकारी ली कि किसानों को उपज बेचने में कोई परेशानी तो नहीं आई। उन्होंने भुगतान के संबंध भी किसानों से जानकारी ली।

## नर्मदा बचाओ की प्रदेश अध्यक्ष गीता मीणा ने की कलेक्टर से मुलाकात

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



नर्मदा बचाओ संरक्षण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती गीता मीणा ने नवागत कलेक्टर सोनिया मीणा और पुलिस अधीक्षक से मंगलवार को सौजन्य भेंट की। संगठन की अध्यक्ष मीणा ने कलेक्टर को अवगत कराया की मां नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त पर्यावरण पौधारोपण जैसे अनेक कार्य संस्था करती है। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि हर रविवार को सेठानी घाट, विवेकानंद घाट सहित अन्य घाटों पर महिलाओं का समूह स्वच्छता का संदेश लेकर सफाई अभियान भी करता है जो की विगत 10-15 सालों से चल रहा है । इसके साथ ही श्रद्धालुओं को और स्थानीय लोगों को नर्मदा में प्रदूषण न फैले इसके लिए भी अभियान चलाए जाते हैं। वहीं समय-समय पर घाटों को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को समझाईश दी जाती है।

### संस्था करती है घाटों की साफ सफाई

नर्मदा बचाओ संस्था घाटों की साफ सफाई विगत कई वर्षो से कर रही है। संस्था की पदाधिकारी ने कलेक्टर को अवगत कराया की नर्मदा किनारे पौधारोपण सहित स्वच्छता के कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। इसके साथी किनारों की देखभाल और साफ सफाई संस्था समय-समय पर करती है।

### प्रदूषण न हो इसके लिए दी जाती है समझाइश

गीता मीणा ने बताया कि नर्मदा में किसी प्रकार का प्रदूषण न फैले पहले इसके लिए संस्था काम करती है। वहीं यहां आने जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं को अवगत कराती है कि वे नर्मदा में प्रदूषण न करें और कचरा डस्टबिन में ही डालें। इसके साथ ही समय-समय पर आंदोलन धरना प्रदर्शन कर नर्मदा बचाने के प्रयास भी किए जाते रहे हैं।

## लक्ष्य भेद क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने पहुंचे समाजसेवी जमील



**नर्मदापुरम।** लक्ष्य भेद क्रिकेट क्लब के तद्धावधान में आयोजित ट्रिपल एक्स कप प्रथम वर्ष टेबल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एक्सीलेंस स्कूल खेल ग्राउंड पर चल रही इस प्रतियोगिता में बुधवार को लकी 11 और क्रॉस 11 के बीच मैच खेला गया। इस प्रतियोगिता में क्रास 11 ने पहले वेटिंग करते हुए 8 ओवर में 64 रन बनाकर आउट हो गई. 64 रन का पीछा करते हुए लकी 11 ने शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष जमील खान द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर लक्ष्य भेद क्रिकेट क्लब के लकी ठाकुर निक्की ठाकुर विवेक सिंह लोकेश चौधरी अभिषेक सिंह शेखर भाई विशेष रूप से उपस्थित थे।

### देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

## पाठ्यक्रम में सावित्री बाई के व्यक्तित्व, कृतित्व को जोड़ा जाए: दीक्षित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



देश के जिन महापुरुषों ने सामाजिक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय भक्ति के क्षेत्र में योगदान दिया है उन्हें हमेशा स्मरण करते रहना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित हो सके. कुछ ऐसे ही विचारों को आत्मसात करते हुए देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच द्वारा स्थानीय नेहरू पार्क में एक सद्भाव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सामाजिक कार्यकर्ता ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में उनके द्वारा दिए गए योगदान को लेकर उपस्थित जनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच के संरक्षक के एस राजपूत अध्यक्ष अरुण दीक्षित सहित वरिष्ठ सदस्य के एन त्रिपाठी मोहम्मद अकरम खान आर के सैनी आदिल फाजली भाग चंद बरगले ओम प्रकाश मालवीय के एस सैनी ने सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष और राष्ट्रीय भक्ति पर उद्बोधन देकर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में महान समाज सेवी और देशभक्त बताया।

सर्व धर्म सर्व वर्ग सद्भाव पर आधारित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजसेवियों ने भारत सरकार से आग्रह किया कि शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित उनकी जीवनी और उनके द्वारा किए गए राष्ट्र उत्थान के कार्यों को शिक्षा के पाठ क्रम में सम्मिलित किया जाए. ताकि इस महान शिक्षिका द्वारा देश को दिए गए योगदान के बारे में आने वाली पीढ़ी समझ सके।

इस अवसर पर अशोक दिवोलिया ओपी तिवारी सत्तार खान ललित मोहन यादव प्रदीप द्विवेदी ओम प्रकाश मालवी आशीष तिवारी रमेश गोप्लानी के के शर्मा हेमंत शर्मा रामेश्वर पटेल रमेश सोनी सुशीला बरगले तथा जयबाला निगम सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। विदित होवे कि सामाजिक समरसता संस्था द्वारा देश के महापुरुषों बुद्धिजीवियों साहित्यकारों समाज सेवियों तथा राष्ट्र भक्ति में स्वयं को समर्पण करने वाले व्यक्तियों की जयंती मना कर उन्हें याद किया जाता है।

**मेट्रो एंकर**

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्राप्त आवेदनों का 7 दिनों में निराकरण करने कलेक्टर के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को केसला जनपद की ग्राम पंचायत धुरपन में आयोजित हितलाभ वितरण कार्यक्रम का नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे, इस उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। ग्रामीण हितलाभ वितरण कार्यक्रमों का लाभ उठाएं। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं संबंधित प्राप्त आवेदनों का 7 दिनों में नियमानुसार सकारात्मक निराकरण करने के निर्देश जनपद सीईओ एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक देरी न हो ,समय पर निराकरण कराएं।

कलेक्टर सुश्री मीना ने कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं के आवेदनों की भी विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बैंक खाता संबंधी समस्याओं के आवेदनों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए की आवेदनों की निराकरण में अनावश्यक देरी न करें। निराकरण में समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित रूप से जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ उठाएं। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित हितग्राही अपने आवेदन कार्यक्रम में अवश्य दें। प्राप्त आवेदनों में पात्रता का परीक्षण कर निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों के समक्ष ड्रोन तकनीक के माध्यम से दवा छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षित प्रस्तुति देने वाले बच्चों को कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस एस रावत ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अर्चना मेहतो, एसडीएम इटारसी टी प्रतिक राव, उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ , जनपद सीईओ रणजीत सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि , स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, खाद एवं नागरिक आपूर्ति निगम सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए, जिसमें ग्रामीणों ने अपने आवेदन दिए।



### हिट एंड रन कानून पर अभी रोक, 9 जनवरी को होगी बैठक

# ड्राइवरों की हड़ताल खत्म, चालक परिचालकों ने सरकार का माना अभार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों की हड़ताल खत्म होते ही सड़कों पर बसे है ट्रक आदि दौड़ने लगे तो यात्रियों की मुसीबत भी काम हो गई जो लोग नए साल की लोग छुट्टी है मनाने के लिए बाहर गए हुए थे । वहां भी वापस अपने घरों पर आ गए दो दिनों से परिजन इनकी चिंता कर रहे थे। ड्राइवर की हड़ताल के चलते जो जहां गया था वह वहीं फंसे हुए थे। दूसरी ओर जरूरी सामान की कमी भी ट्रैकों के पहिए थमने से होने लगी थी पहले दिन तो डीजल पेट्रोल लेने के लिए पंपों पर लंबी-लंबी कटरा लग गई थी। तीसरे दिन सरकार से मिले आश्वासन के बाद हड़तल समाप्त होने से सभी ने राहत की सांस ली दो दिन चली हड़ताल की वजह से पुरे देश में आवागमन प्रभावित हुआ ओर केन्द्र सरकार के केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की ओर मीडिया के सामने आकर कहा कि हम नया कानून अभी लागू नहीं हुआ है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 106/2 को लागू करने से पहले हम सभी ड्राइवर संघो से बातचीत करने के बाद ही आगे निर्याण लिया जाएगा एवं शाजापुर कलेक्टर द्वारा ड्राइवर को अपशब्द बोलने वाले को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाजापुर कलेक्टर को हटाएं जाने पर चालक परिचालक संघ सिरोंज ने केन्द्र सरकार एवं गरीबों के मसीहा के मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

### बस स्टैंड पर बड़ी चहल-पहल

जैसे ही सुबह यात्रियों को ड्राइवरों की हड़ताल खत्म होने की जानकारी लगी तो सभी लोग अपने-अपने गंतव्यों की ओर जाने के लिए घरों से निकले इस वजह से बस स्टैंड पर एकदम से चहल-पहल बढ़ गई दूसरी ओर सभी यात्री वाहन दो दिनों से खड़े हुए थे। आर्थिक रूप से समस्या भी ड्राइवर के साथ स्टाफ को होने लगी थी पर कानून इनके विरोध होने से यह लोग मजबूरी में हड़ताल पर डटे हुए थे। वही ग्रामीण क्षेत्र से भी आगमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया था निजी वाहनों से ही लोग आ रहे थे इस कारण से दूध सब्जी से लेकर अन्य चीजों की किल्लत भी होने लगी थी।

### मुनाफाखोरों की उम्मीदों पर फिरा पानी

हड़ताल की वजह से ट्रैकों के पहिए भी थम गए थे जरूरी सामान का आना जाना भी बंद होने से खाने-पीने की चीजों को लेकर मुनाफाखोरों ने बाजार में सप्लाई रोक कर गोदामों में स्टॉक कर लिया था जिसमें खाद्य सामग्री के साथ किराने व्यापार थोक करने वाले अधिकांश व्यापारियों ने छोटे-छोटे दुकानदारों को फुटकर में सामान देना बंद कर दिया था। इन विक्रेताओं ने सोचा था की हड़ताल लंबे दिन चलेगी तो हम यही सामान महंगे दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेंगे इसलिए स्टॉक निकल नहीं रहे थे। हड़ताल खत्म होते ही इनकी उम्मीद भी धरी की धरी रह गई। ट्रैकों के चलने से सप्लाई की चौन फिर से प्रारंभ हो गई है ।

### नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान

## शहर में वर्षों से गंदगी से भरी पड़ी नालियों की जेसीबी से सफाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर को ग्रीन और क्लीन व साफ स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान 15 जनवरी तक प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत बुधवार को वार्ड नंबर 2 बासौदा रोड पर कई सालों से गंदगी से भरी भरी हुई नालियों की सफाई करवाने के लिए जेसीबी मशीन से इनकी सफाई प्रारंभ की गई है इनमें से निकलने वाली गंदगी को नगर पालिका की ट्रैक्टर ट्रालियों में भरवा कर टचिंग ग्राउंड में डलवाने का काम किया जा रहा है।

नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने खड़े होकर मुख्य रोडो की नालियों की खुदाई करवा कर सफाई करवाने का कार्य करवाया जा रहा है । कई दुकानदारों के द्वारा दुकानों के आगे नालियों पर पूरी तरह से कब्जा करके इनको बंद कर दिया है। इसकी वजह से इनकी लंबे समय से साफ सफाई भी नहीं हुई है। नगर पालिका खुदाई करवा कर सफाई कर रही है।कई सालों से साफ सफाई नहीं होने से गंदगी सड़कों पर बारिश में तैरती हुई नजर आती है। सफाई हो जाएगी तो सड़कों पर गंदगी नहीं दिखेगी साथ ही इन नालियों को ओपन करवा दिया जाए तो और अच्छा होगा यदि कोई दुकानदार इनको बंद करता है तो उसको नगर पालिका के जिम्मेदार फोल्डिंग जाली लगाने लगाने के लिए समझाएं दें। जिससे की साफ सफाई होने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी अभी किसी भी दुकानदार के द्वारा फोल्डिंग जाली ना लगाते हुए पटिया तथा नालियों को बंद कर दिया जाता है इस वजह से इनकी हालत खराब हो जाती है कई सालों तक साफ सफाई भी नहीं होती है। दूसरी ओर विधायक के द्वारा नगर पालिका को विशेष सफाई अभियान में कहा गया है कि दिखावे के लिए सफाई अभियान ना चले धरातल पर साफ सफाई अच्छी तरह से दिखनी चाहिए ।अब देखना है कि कितने अच्छे से शहर की साफ सफाई होगी।



## बरसात होने से फसलों को फायदा, ठंड व शीत लहर से कांपे लोग



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मंगलवार को ही मौसम होगा बदलाव के बाद शाम के समय से आसमान पर काले बादलों ने डेरा जमा लिया था रात में ही हल्की बारिश का दौर प्रारंभ हो गया था गुरुवार को अच्छी बारिश होने से फसलों को फायदा हो गया जिसमें सबसे ज्यादा फायदा गेहूं की फसल को पानी गिरने से हुआ है वैसे इस साल बारिश कम होने के कारण पानी के लिए किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। इस समय बरसात होने से फसलों को फायदा हो रहा है पानी गिरने के साथ सर्दी का सितम भी प्रारंभ हो गया है शीत लहर भी चल रही है।

इस वजह से घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है बाजार में भी चहल पहल काम हो गई है। किसानों को भी फसलों में तुषार लगने का डर भी सता रहा है। तीन दिनों से मौसम मैं बदलाव होने के बाद से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो रहे इस वजह से सर्दी का दौर अधिक हो गया है। लावारिस रूप से रहने वाले लोगों को सर्दी के सितम के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ा है साथ ही गरीब वर्ग के लोगों को भी सर्दी से परेशानी हो रही है। लावारिस रूप से तथा आसय लोगों के लिए ठंड से बचने के लिए नगर पालिका के द्वारा ठंड से बचाव के लिए व्यवस्था की गई है ।आने वाले दिनों में इसी तरह का मौसम रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा जताई है । इस वजह से कड़ाके की सर्दी का सामना लोगों को करना पड़ेगा जगह-जगह आग जलाकर लोग ठंड से बचने का प्रयास करते हुए नजर आए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों की सुनी समस्या

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार को कुरवाई विधानसभा के ग्राम बेरखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें हितग्राहियों को केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाने का काम भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया तथा केदो प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी हितग्राहियों ने दिए जिनका मौके पर ही अधिकारियों से समाधान करवाया मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी ,मंडल महामंत्री अरविंद रघुवंशी ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार से संचालित योजनाओं के बारे में हितग्राहियों को जानकारी देकर लाभान्वित करवाने का काम भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।



## किसान अब अपनी फसल की जानकारी MPKISAN App के माध्यम से कर सकेंगे दर्ज

**रायसेन।** मेरी गिरदावरी-मेरा अधिकार में अब किसान निश्चिंत होकर अपनी फसल की जानकारी MPKISAN App के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। इस जानकारी का उपयोग फसल हानि, न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना, भावांतर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि ऋण में किया जायेगा। किसान की इस जानकारी का आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं पटवारी से सत्यापन होगा। मेरी गिरदावरी-मेरा अधिकार में किसान को यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है कि वे अपने खेत से ही स्वयं फसल की जानकारी एमपी किसान एप पर दर्ज कर अपने आप को रजिस्टर सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। किसान एप पर लॉगिन कर फसल स्व-घोषणा, दावा आपत्ति ऑप्शन पर क्लिक कर अपने खेत को जोड़ सकते हैं। खाता जोड़ने के लिये प्लस ऑप्शन पर क्लिक कर जिला, तहसील, ग्राम, खसरा आदि का चयन कर एक या अधिक खातों को जोड़ा जा सकता है। खाता जोड़ने के बाद खाते के समस्त खसरा की जानकारी एप में उपलब्ध होगी। उपलब्ध खसरा की जानकारी में से किसी भी खसरे पर क्लिक करने पर एआई के माध्यम से जानकारी उपलब्ध होगी।

## ई-खसरा परियोजना लागू किसानों से आग्रह कि ई-खसरा खतोनी ही लें

**रायसेन ।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त मप्र ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना को लागू किया है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे ई खसरा खतोनी ही लें। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आईटी सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1ए नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाईट ww.mpbhulek.gov.in पर निःशुल्क देख सकता है।

### न्यायालय अपर आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल

प्र.क्र. 623/अपील/17-18

भोपाल, दिनाक 26.12.2023

एजाज गिया एवं 14 अन्य --- अपीलार्थी

विरूद्ध

चांद मिया एवं 21 अन्य -- प्रतिअपीलार्थीगण

**सूचना-पत्र**

प्रति,

1 अकबर मिया आत्मज लईक खा निवासी मोहल्ला मत्थापुर सिरोज विदिशा।
2. मोहसिन खा आत्मज शमशुद्दीन खा
3 नसीर खां आत्मज शमशुद्दीन खा
4 हसीना बी पुत्री शमशुद्दीन खा
5. गोपीबाई पत्नी सुंदरलाल खगार
6. रफफो बी पत्नी नवाब खा

सभी निवासीगण यामारोशाला तहसील सिराज जिला विदिशा

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी एजाज मिया एवं 14 अन्य निवासी ग्राम बामोरीशाला तहसील सिरोज जिला विदिशा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सिराज जिला विदिशा के प्रकरण क्रमांक 37/अपील/15-16 में पारित आदेश दिनांक 28/12/ /2017 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई है।

2/- अतः इस न्यायालय में दिनांक 17/01/24 को पात 11.00 बजे आप स्वाद आवश अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण से संबंधित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से उपि हो। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध विधिवत् एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। 3/- यह सूचना पत्र आज दिनाक 26.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुहासे गया।

ऊषा परमार

**मेट्रो एंकर**

### गौशाला में अलाव की व्यवस्था करवाने के लिए

## संत सुधासागर गौशाला ने पशुओं को ठंड व मौसमी बीमारियों से बचाने सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



कड़ाके की सर्दी का दौर प्रारंभ हो गया इस वजह से पशुओं को भी ठंड के कारण परेशानी हो रही है। बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर आवारा रूप से घूमते रहते हैं उनके लिए अलाव जलवाने की व्यवस्था करवाने की मांग को लेकर संत सुधासागर गौशाला के सदस्यों ने एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन देते हुए कहा कि इस समय सर्दी का प्रकोप बहुत ज्यादा हो गया है ठंड के कारण मवेशियों को भी परेशानी हो रही है। कई तरह की बीमारियां होने का खतरा रहता है पशुओं को ठंड से बचने के लिए शहर में जगह-जगह जलावने साथ उचित इंतजाम करवाने की मांग रखी है। पशुओं के हित में इस तरह का प्रयास प्रशासन के द्वारा किया जाता है तो बहुत अच्छा होगा जिससे कि इनको सर्दी से बचाया जा सके साथ ही गौशाला के सदस्यों के द्वारा एक कुंतल के लड्डू भी उपलब्ध करवाए गए हैं जिसमें आवारा रूप से घूम रहे हैं मवेशियों के साथ गौशाला में गायों को ठंड से बचाव के लिए इन लड्डुओं का वितरण करवाया जाए। । गौशाला के सदस्य आयुष जैन ने बताया कि संवेदनाविहीन मानवता के कारण पशु खुले आसमान के नीचे बर्दी में सहने के लिये विवश है। प्रशासन भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण पशु तड़प तड़प कर मर रह है । प्रशासन से छत्री चौराहा, हीरागैस एजेंसी, तहसील रोड, मनसापूरण मंदिर, चांदनी चौक, बासौदा नाका,बस स्टैंड , कृषि उपज मंडी,हाजीपुर वेयर हाउस आदि स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करवाने की मांग की है। साथ ही हमे नगरपालिका से कर्मचारी उपलब्ध कराये जाये ताकि हम स्वानों को रेविस के वैक्सीन लगा सके।

गौशाला के सदस्यों द्वारा लगातार पिछले 3 वर्षों से आवारा पशुओं के लिए औषधीयुक्त गुड़ के लड्डू बनाकर खिलायें जा रहे है। इसमें जैन समाज के साथ-साथ नगर के भी कई पशुप्रेमियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस वर्ष अभी लगभग 3 क्विंटल गुड़ के लड्डू बनाकर पशुओं को खिलाने का काम गौशाला सदस्यों द्वारा किया जा चुका है। ज्ञापन देने वालों में पंकज जैन अंकुर जैन, राजू जैन आदि मौजूद थे ।




### इस साल दो आईसीसी टूर्नामेंट और ओलंपिक गेम्स

# नीरज, निखत, सात्विक-चिराग, ऐश्वर्य प्रताप, पंत और की जोड़ी पर होगी नजरें



**नईदिल्ली, एजेंसी**

इस साल दो आईसीसी टूर्नामेंट और ओलिंक गेम्स है। 26 जुलाई से 11 अगस्त तक भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलिंपिक में दावेदारी ठोकेंगे। वहीं आईसीसी के दो बड़े टूर्नामेंट है। जून में पुरुष और सितंबर-अक्टूबर में महिला टी-20 वर्ल्ड कप होने हैं। पहली बार अमेरिका में आईसीसी इवेंट होने हैं। ऐसे में इस साल 6 खिलाड़ियों जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निखत जरीन, शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, क्रिकेटर ऋषभपंत और बैडमिंटन डबल्स में सात्विक-चिराग पर सबकी नजरें रहेंगी।



## एशियाड के सबसे सफल शूटर का अब ओलिंपिक का सपना

22 साल के युवा निशानेबाज ऐश्वर्य एशियन गेम्स में दो गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज लेकर सबसे सफल शूटर रहे। एंड्यूरेंस पावर बनाए रखने के लिए टेबल टेनिस की मदद लेने वाले ऐश्वर्य का सपना ओलिंपिक गोल्ड जीतना है। एयर राइफल शूटर 2023 में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके हैं।

## बैडमिंटन का पहला गोल्ड दिला सकती है सबसे सफल जोड़ी

सात्विकसाईराज रैंकी रेड्डी-चिराग शेट्टी ने साल 2023 में एशियन गेम्स, एशियन चैम्पियनशिप में गोल्ड जीते। इसके अलावा 3 ओपन टूर्नामेंट में भी चैम्पियन बनी।वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-1 बन चुकी यह जोड़ी इस समय जिस फॉर्म में है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि यह जोड़ी देश को बैडमिंटन का पहला ओलिंपिक गोल्ड दिला सकती है। ऐतिहासिक जीत दक्षिण कोरिया के चोई सोलग्यू और किम वोन्हो पर सीधे गेम में प्रभावशाली जीत के साथ सामने आई, जिसने एक यादगार एक अविस्मरणीय क्षण बना दिया।



## इस साल डबल गोल्ड मेडल जीतने पर निखत की नजरें

दो बार की वर्ल्ड चैम्पियन बॉक्सर निखत के पास इस साल दो बड़े टूर्नामेंट में गोल्ड जीतने का मौका रहेगा। पहले कजाखस्तान में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में उतरेंगी, जहां वे गोल्डन हैट्रिक बना सकती हैं। लाइट फ्लाईवेट कैटेगरी की निखत कह चुकी हैं कि ओलिंपिक गोल्ड उनका सपना है, जिसके लिए पेरिस में उतरेंगी।

## पेरिस गोल्ड के साथ 90 मीटर पार का लक्ष्य

ओलिंपिक चैम्पियन जैवलिन थ्रोअर नीरज का लक्ष्य गोल्डन डबल बनाने का होगा। 26 साल के नीरज फिलहाल द. अफ्रीका में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वे 85 दिन तक अफ्रीका में रहेंगे। उसके बाद ओलिंपिक की तैयारी के लिए यूरोप जाएंगे। वे ओलिंपिक से पहले 90 मीटर थ्रो पार करना चाहते हैं।



## डेढ़ साल बाद पंत करेंगे मैदान पर वापसी

2022 दिसंबर में कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए रिषभ पंत को मैदान से दूर हुए 1 साल से भी ज्यादा समय हो चुका है। जअब वे नए साल में आईपीएल से वापसी करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन किया है और बतौर कप्तान उनका 2.0 वर्जन भी नजर आ सकता है। आईपीएल से टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी करेंगे।



### साउथ अफ्रीका 55 पर ऑलआउट, भारत के खिलाफ लोएस्ट स्कोर

# सिराज की करियर की बेस्ट बॉलिंग, भारत ने बगैर रन बनाए 6 विकेट गंवाए, आज खड़ा करना होगा बड़ा स्कोर

**केप टाउन, एजेंसी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला केप टाउन में खेला जा रहा है। न्यूलैंड्स स्टेडियम में पहला दिन रिकॉर्ड ब्रेकिंग रहा। दोनों टीमों ने 3 सेशन में कुल 23 विकेट गंवा दिए। साउथ अफ्रीका टीम 55 रन पर ही ऑलआउट हो गई, जो भारत के खिलाफ उनका सबसे छोटा स्कोर रहा। भारत ने बगैर रन बनाए ही 6 विकेट गंवा दिए, जो इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार हुआ। वहीं मोहम्मद सिराज ने 15 रन देकर 6 विकेट लिए, जो टेस्ट करियर में उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा। दूसरे टेस्ट की पहली पारी में साउथ अफ्रीका 55 रन ही बना सका। भारत के खिलाफ ये किसी भी टीम का टेस्ट में सबसे कम स्कोर रहा। इससे पहले 2021 में न्यूजीलैंड टीम मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 63 रन पर सिमट गई थी। भारत के खिलाफ इससे पहले साउथ अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर 79 रन था। 2015 में टीम नागपुर के मैदान पर 79 रन ही बना सकी थी। घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका इससे पहले 2006 में 84 रन के स्कोर पर आउट हुई थी। साउथ अफ्रीका टीम टेस्ट में भारत के खिलाफ महज तीसरी बार ही 100 रन के अंदर ऑलआउट हुई है।



### क्रिकेट में साउथ अफ्रीका का सबसे छोटा टोटल

साउथ अफ्रीका ने इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने पर लगे बैन के बाद 1991 में वापसी की। वापसी के बाद टीम पहली बार टेस्ट क्रिकेट में इतने छोटे स्कोर पर आउट हुई। इससे पहले 2018 में टीम श्रीलंका के खिलाफ गॉल के मैदान पर 73 रन पर सिमट गई थी। दरअसल, साउथ अफ्रीका में रंगभेद का काफी पुराना इतिहास रहा है। रंगभेद के चलते साउथ अफ्रीकी क्रिकेट टीम को 1970 से 1991 (21 साल) तक द्बष्ट से बैन झेलना पड़ा था। इसके बाद देश में रंगभेद के खिलाफ बड़ा आंदोलन हुआ और सभी को बराबरी का हक मिला। बैन हटने के बाद फिर से साउथ अफ्रीका की नेशनल टीम बनी और टीम ने 1991 में वापसी कर ली।

### यूनाइटेड कप: किनवेन को सीधे सेट में हराया, ओसाका ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से बाहर

# पोलैंड का चीन पर 3-0 से क्लीन स्वीप

**लंदन, एजेंसी**

दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वातेक ने पोलैंड को लगातार दूसरी बार यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में पहुंचाया। पोलैंड ने चीन पर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। पोलैंड इस बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं, सिडनी में हुए मुकाबले में फ्रांस ने इटली पर क्लीन स्वीप कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वातेक ने झेंग किनवेन को 6-2, 6-3 से हराया। उन्होंने एक घंटे 34 मिनट में जीत दर्ज की। फिर ह्यूबर्ट हरकेज ने झेंग झिझेन पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज कर पोलैंड को 2-0 से आगे किया। पिटेर-जेलिंस्की की पोलिश जोड़ी ने झियोडी-फेकजिंग की जोड़ी को हराकर पोलैंड को 3-0 से जिताया। टीम सिडनी में फ्रांस व नॉर्वे के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगी।



**ओसाका ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से बाहर, 3 बार की विजेता प्लिसकोवा ने हराया:** मां बनने के बाद नाओमी ओसाका का यह पहला टूर्नामेंट था। मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहीं नाओमी ओसाका ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से बाहर हो गईं। उन्हें दूसरे राउंड में तीन बार की पूर्व विजेता कैरोलिना प्लिसकोवा ने 3-6, 7-6, 6-4 से हराया। ओसाका ने टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में तमारा को हराया था, लेकिन दूसरे राउंड में विजयी क्रम जारी नहीं रख सकीं। वहीं, चेक रिपब्लिक की प्लिसकोवा का प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरी सीड जेलेना ओस्तापेंको से मुकाबला होगा। लात्विया की ओस्तापेंको ने कैमिला जियॉर्जी को 6-1, 6-4 से मात दी।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### रणबीर-कोंकणा स्टारर 'वेक अप सिड' का आ रहा है सीक्वल?



रणबीर कपूर की 'वेक अप सिड' सबसे पॉपुलर फिल्मों में से एक है. इस फिल्म में फैंस को रणबीर कपूर का किरदार सिड मेहरा बहुत पसंद आया था और अब हाल ही में इस फिल्म की कास्ट का रिहर्सल करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो से फिल्म की दूसरी इंस्टॉलमेंट को लेकर चर्चा शुरू हो गई है. इस बीच करण जौहर ने भी रणबीर कपूर का एक वीडियो शेयर किया है जिसने इस फिल्म के सिक्वल की हलचल को और तेज क दिया है. दरअसल करण ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जो वीडियो शेयर किया है उसमें रणबीर कपूर को सोते हुए नजर आ रहे हैं तभी अचानक कोंकणा सेन शर्मा चिल्लाती हैं, 'सिड, इट्स ऋषि डे' और एक्टर जाग जाते हैं. वायरल वीडियो में रणबीर और कोंकणा एक सीन की रिहर्सल करते हुए नजर आ रहे हैं और वे क्रू से घिरे हुए हैं. वहीं रणबीर वीडियो में व्हाइट पैंट के साथ ब्लू शर्ट में दिख रहे हैं जबकि कोंकणा सफेद कुर्ते के साथ ब्लू दुपट्टे और सफेद पैंट में दिख रही हैं. करण जौहर ने इसे कैप्शन दिया, फ्क्या सच में ऐसा हो रहा है? मैं बस इतना जानता हूं कि कुछ एक्साइटिंग चल रहा है और इससे बेहतर खबर मुझे नहीं मिल सकती थी.

#### वीडियो पर फैंस कर रहे कमेंट

इस वीडियो के वायरल होने के बाद फैंस भी जमकर कमेंट कर रहे हैं.एक फैन ने लिखा, यह एक्चुअल में सीक्वल का एड हो सकता है! सही? सही? एक अन्य ने लिखा, यह अच्छा होना चाहिए. वेक अप सिड बहुत अच्छा था.

#### साल 2009 में रिलीज हुई थी 'वेक अप सिड'

बता दें कि वेक अप सिड साल 2009 में रिलीज़ हुई थी. ये फिल्म रणबीर के करियर की शुरुआती फिल्मों में से एक थी और उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से भी एक थी.इस बीच, रणबीर के लिए 2023 काफी शानदार साल रहा. जहां रणबीर की दो हिट फ़िल्में श्रद्धा कपूर के साथ तू झूठी मैं मक्कार और संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित एनिमल ब्लॉकबस्टर रही. एनिमल तो रणबीर के करियर की सबसे बड़ी हिट बनकर उभरी.

### शाहरुख खान की 'भक्षक' में जर्नलिस्ट बनीं भूमि पेडनेकर

**एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'भक्षक' की शूटिंग पूरी कर ली है, मेकर्स ने 2 साल पहले 2022 में फिल्म की अनाउंसमेंट की थी। बता दें फिल्म की कहानी सच्ची घटना से प्रेरित है साथ ही महिलाओं के खिलाफ किए जाने वाले अपराधों की हकीकत से भी जुड़ा हुआ है।**



शाहरुख खान ने बिहार की वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक गंभीर थ्रिलर फिल्म भक्षक बनाने का फैसला लिया था। फिल्म की शूटिंग कोविड के समय में शुरू की गई थी और इसकी शूटिंग 2022 में ही पूरी हो गई थी। वहीं अब फिल्म की रिलीज होने की खबर सामने आई है। भक्षक में भूमि के अलावा एक्टर संजय मिश्रा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 2 घंटे 16 मिनट 47 सेकंड लंबी है। बता दें फिल्म अगले कुछ महीनों में रिलीज होगी और फिल्म मार्च के अंत या अप्रैल तक रिलीज हो सकती है। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भक्षक बिहार के विवादित मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस पर आधारित एक क्राइम थ्रिलर फिल्म होगी। इस शेल्टर होम में रहने वाली दर्जनों असहाय लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार, बलात्कार और अत्याचार की खबरें सामने आई थीं। देश में आक्रोश और विरोध के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मामले को अपने हाथ में लिया था।

#### पहले शाहरूख करने वाले थे भूमि का किरदार

आपको जानकर हैरत होगी कि फिल्म 'भक्षक' में जो किरदार भूमि निभा रही हैं। पहले वो किरदार शाहरुख खान खुद निभाने वाले थे। लेकिन उस दौरान कोविड आ गया था, फिर उनकी बाकी बड़े बजट वाली फिल्म 'पठान' और 'जवान' की शूटिंग शुरू हो गई तो शाहरुख की प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म में पुरूष की जगह महिला पत्रकार की भूमिका में बदलते हुए भूमि पेडनेकर को फिल्म में लिया। फिल्म शुरू होने से पहले संतोष सिंह और बालिका गृहकांड पर किये।



## मेट्रो बाजार

### यूपीआई ट्रांजेक्शन ने बनाया रिकॉर्ड, 100 बिलियन का आंकड़ा किया पार

**मुंबई, एजेंसी**

देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन में लगातार वृद्धि हुई है. एनपीसीआई के अनुसार पिछले साल 118 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए. देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन दिन दूने रात चौगुने बढ़ते ही जा रहे हैं. साल 2023 के आखिरी महीने में भी यूपीआई ट्रांजेक्शन में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि हुई है. एक महीने में यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए 18.23 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ. यह साल 2022 के इसी महीने के मुकाबले लगभग 54 फीसदी ज्यादा है. वहीं, साल 2023 में कुल यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या 100 अरब से भी ज्यादा रही. इनके जरिए 182 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ. इसमें 2022 के मुकाबले 44 फीसदी की वृद्धि हुई है. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पिछले साल के आंकड़ों के हिसाब से यूपीआई ट्रांजेक्शन 44 फीसदी बढ़कर लगभग 118 अरब पहुंच गए हैं. सिर्फ दिसंबर में 12.02 अरब ट्रांजेक्शन हुए, जो कि साल 2022 के दिसंबर के मुकाबले 42 फीसदी ज्यादा है. यूपीआई ट्रांजेक्शन में नवंबर में 17.40 लाख करोड़ और अक्टूबर में 17.16 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए. नवंबर में कुल यूपीआई ट्रांजेक्शन 11.24 अरब और अक्टूबर में 11.41 अरब रहे. एनपीसीआई के अनुसार, 2022 में 74 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए थे जबकि 2023 में यही आंकड़ा 60 फीसदी बढ़कर 118 अरब ट्रांजेक्शन पर पहुंच गया.



### न्यू जनरेशन हुंडई क्रेटा 16 जनवरी को होगी लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुंडई मोटर इंडिया ने आज न्यू जनरेशन मिड साइज एसयूवी क्रेटा का पहला ऑफिशियल टीजर जारी किया है। इसके साथ ही कंपनी ने कार की बुकिंग भी शुरू कर दी है। बायर्स इसे 25,000 रुपए का टोकन अमाउंट देकर ऑशियल डीलरशिप से या ऑनलाइन बुक करवा सकते हैं। दक्षिण कोरियाई कार मेकर कंपनी फेसलिफ्टेड क्रेटा को 16 जनवरी 2024 को लॉन्च करेगी। यह 7 वैरिएंट्स में आएगी। हुंडई ने सेकेंड जनरेशन क्रेटा को भारत में 2020 में लॉन्च किया था और इसके बाद अब थर्ड जनरेशन में इसे पहला बड़ा अपडेट मिलने जा रहा है। इसकी कीमत 11 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू हो सकती है। कार का मुकाबला मारुति ग्रैंड विटारा, किया सेल्टोस, होंडा एलिवेट, स्कोडा कुशाक और सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस से रहेगा। टीजर में इसके कुछ डिजाइन अपडेट की जानकारी मिली है। हुंडई ने नई क्रेटा को 'सेंसुइस स्पोर्टीनेस' डिजाइन थीम पर तैयार किया गया है नई बड़ी रेडिएटर ग्रिल और नया बंपर दिया गया है।



## डॉग को बचाने केरवा डैम की नहर में गिरे तीन दोस्त, दो युवतियों की जान बची, सरल की हुई थी मौत

# सरल के साथ केरवा डैम पहुंची उसकी दोस्तों से पुलिस करेगी पूछताछ




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम की नहर में बुधवार सुबह डूबने से हुई सरल की मौत के मामले में पुलिस उसके साथ डैम घूमने गई दो दोस्तों से पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि सरल की मौत के बाद से परिजन में खास ही नाराजगी हैं। उन्होंने युवतियों पर सरल को जबरन साथ ले जाने के आरोप लगाए हैं। लिहाजा युवतियां सरल की मौत के बाद सहमी हुई है।

एसआई अंतराम यादव ने बताया कि सरल निगम पिता सुधीर निगम (23) बी-15 सागर, होम्स, चूनाभट्टी में रहता था। वह बीटेक की पढ़ाई पूरी कर चुका था और यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। उसके पिता सुधीर निगम निजी कॉलेज से प्रोफेसर पद से रिटायर्ड हैं। गुरुवार सुबह सरल अपनी दो दोस्तों में जया और आसमी के साथ केरवा डैम घूमने पहुंचा था। तीनों फॉरेस्ट के पिकनिक स्पॉट के पास घूम रहे थे, तभी नहर पार करते समय उनका पालतू डॉग नहर में गिर गया। तेज बहाव होने के कारण डॉग पानी में बहने लगा। उसे बचाने का प्रयास करते हुए तीनों ने चेन बनाई। चेन में पानी की तरफ सबसे अंदर सरल था, जबकि जया और आसमी बाहर की तरफ थी। तीनों एक दूसरे का हाथ पकड़े थे। पानी में पहुंचते ही संतुलन बिगड़ा और तीनों गिर गए। डॉग समेत जया और आसमी नहर किनारे थे वहां पानी कम था और वह बाहर निकल आए, जबकि सरल अंदर की तरफ था और गहरे पानी में चला गया। बाहर निकलने के बाद जया और आसमी ने शोर मचाया तो वहां मौजूद चौकीदार पहुंचा था। उसने घटना की जानकारी पुलिस को थी। घटना की सूचना मिलने के बाद रातीबड़ पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची और सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सरल का शव बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई यादव का कहना है कि हादसे के बाद जया और आसमी सदमे में और कुछ भी कह नहीं पा रही है। पुलिस उनसे जल्द ही पूछताछ करेगी।

## छोटी-बड़ी खबरें

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में बुधवार शाम एक महिला ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार संध्या जादौन पति विशंभर जादौन (55) शिव नगर छोला में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति पान की दुकान का संचालन करते हैं। परिजन ने बताया कि संध्या ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस को उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### नौकरी का झांसा देकर हड़पे 8 लाख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** दो युवकों ने अटल बिहारी हिंदी यूनिवर्सिटी में नौकरी का झांसा देकर आवेदक से 8 लाख रुपए लिए थे। मामले की जांच के बाद आरोपियों पर अब जाकर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। बिसोनिया जिला राजगढ़ निवासी अशोक धनगर खेती करते हैं। वह वर्ष 2013 में भोपाल आकर इंद्रपुरी स्थित पूनमचंद बांधेवाल के मकान में किराए से रह रहे थे। इस दौरान अशोक और पूनमचंद की अच्छी जान पहचान हो गई। इसी बीच मकान मालिक पूनमचंद ने अशोक को बताया कि वह उसकी अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में सहायक ग्रेट-2 के पद पर नौकरी लगवा सकता है।

### कार से सवा लाख का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहपुरा थाना इलाके में 5 दिन पहले एक युवक की कार का ताला तोड़कर सवा लाख रुपए की चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार फरियादी विशाल पाठक शाहपुरा गए थे और उन्होंने अपनी कार लॉक कर दी थी। यह कार कृष्णा अस्पताल, शाहपुरा के पास खड़ी थी। बदमाश कार का लॉक तोड़कर बैग, लैपटॉप, टैबलेट सहित करीब सवा लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। चार दिन बाद बुधवार को फरियादी विशाल पाठक ने शाहपुरा थाने में शिकायत की।

## पुताई की मशीन उठाने के बहाने घर में घुसे थे बदमाश, अकेली महिला को बनाया बंधक बनाकर की थी लूट

# सराफा व्यापारी के घर घुसकर एक करोड़ की लूट करने वाले हिरासत में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा कॉलोनी में गुरुवार शाम ज्वैलर्स के घर में घुसकर उनकी पत्नी से लूटपाट करने वाले लुटेरों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आज पुलिस सनसनीखेज लूटपाट का खुलासा कर सकती है। पुलिस की दलील है कि हिरासत में आए लुटेरों से पूछताछ बाकि है। साथ ही सबूत भी एकत्रित करने हैं।**

जानकारी के अनुसार ई-4/237 अरेरा कॉलोनी निवासी सुशील कुमार धनवानी ज्वैलर्स हैं। न्यू मार्केट इलाके में उनकी अनमोल ज्वैलर्स के नाम से शॉप है। वह सराफा एसोसिएशन महासंघ के अध्यक्ष भी हैं। पिछले दो-तीन माह से उनके घर का रेनोवेशन चल रहा है। शाम करीब साढ़े सात बजे सभी मजदूर और कारीगर घर से चले गए थे। उनकी बहू भी खरीददारी करने न्यू मार्केट चली गई थी। घर में सुशील धनवानी की पत्नी कीर्ति धनवानी अकेली थीं। उसी दौरान तीन लोग घर पर पहुंचे और डोल बेल बताई। कीर्ति धनवानी ने विंडो से झांककर देखा और पूछा, कौन है। इस पर मंकी केप लगाए एक बदमाश ने कहा कि भाभी जी, मशीन उठानी है। कीर्ति धनवानी को लगा कि कोई मजदूर अथवा कारीगर है जो पुताई की मशीन लेने आया है। लिहाजा उन्होंने दरवाजा खोल दिया। दरवाजा खुलते ही हाथ में लंबा छुरा हाथ में लिए बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट कर उन्हें फर्श पर गिरा दिया।




### पड़ोसी के गार्ड ने बदमाश को दबोचा

बताया जा रहा है कि सुशील कुमार धनवानी के घर के सामने सागर पब्लिक स्कूल के मालिक अग्रवाल रहते हैं। उनके गार्ड ने बैग लेकर भागते हुए बदमाश को दबोच लिया था। दबोचे गए आरोपी का नाम देवा बताया जा रहा है और वह पास ही पान की गुमठी चलता है। उससे एक मोबाइल मिला था, वह मोबाइल उसका नहीं, बल्कि साथ आए लुटेरे का था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाश को हिरासत में ले लिया था। सुशील कुमार धनवानी ने बताया कि हाल ही में उन्होंने जमीन बेची थी। उसकी नगदी घर में रखी थी। इसके अलावा शादी की तैयारी के लिए भी नगद राशि घर में रखी थी।

### मुंह पर पैर रखकर मांगी चाबी

तीनों बदमाशों में से एक बदमाश ने महिला को लात मारकर नीचे गिरा दिया। उसके बाद वे महिला को घसीटते हुए कमरे में ले गए और उनमें से एक बदमाश ने मुंह पर पैर रखकर चाबी मांगी। कीर्ति धनानी ने कहा कि उन्हें नहीं मालूम चाबी कहां रखी है। इस पर बदमाशों ने अलमारी का लॉकर तोड़ दिया और नगदी व जेवरात बैग में भरकर फरार हो गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि लूटी गई नगदी व जेवरात की कीमत करीब एक करोड़ रुपए है।

### 28 जनवरी को है बेटे की शादी

ज्वैलर्स सुशील कुमार धनवानी ने बताया कि घटना को लेकर वह सदमे में हैं। ब्लड प्रेशर व शुगर का मरीज होने केकारण उनकी तबियत खराब हो गई थी। सुशील कुमार ने बताया कि इसी माह 28-29 जनवरी को उनके बेटे की शादी है। शादी को लेकर ही घर में रेनोवेशन का काम चल रहा था। मजदूरों का घर में आना-जाना लगा था। संभवतः उन्हीं लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है।



### भारत संकल्प यात्रा....

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दौरे पर आए पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल के गोविंदपुरा विधानसभा के वार्ड 62 में कोकता सामुदायिक केंद्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भ्रमण किया। पत्रकारों ने कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने लाभार्थियों से उनके जीवन में योजनाओं से मिले लाभ बाद आए सार्थक परिवर्तन के बारे में संवाद किया।

## सड़क पर लगे सोलर ब्लिंकर से अनियंत्रित हुई स्कूटी, महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई तिराहा पर सड़क पर लगे सोलर ब्लिंकर से स्कूटी अनियंत्रित हो गई। हालांकि स्कूटी गिरी नहीं है, लेकिन अनियंत्रित होने से पीछे बैठी महिला गिर गई। चलती स्कूटी से गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पटेल नगर पिपलानी निवासी 45 साल की दीपा भद्रा पति रंजन भद्रा गृहणी थीं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह पति के साथ स्कूटी से एमपी नगर जा रही थी। दंपती अपने आठ साल के बेटे के साथ आईटीआई तिराहा पर पहुंचे थे, तभी रोड पर लगे सोलर ब्लिंकर में स्कूटी का पहिया गुजरा और स्कूटी अनियंत्रित हो गई। रंजन ने किसी तरह स्कूटी को गिरने से बचा लिया, लेकिन पीछे बैठी दीपा सड़क पर गिर गईं। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। रंजन उन्हें तत्तकाल अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नाक से बहता खून सड़क पर देख पड़ोसियों ने देखी लाश

# ऑटो चालक की संदिग्ध मौत, ड्राइविंग सीट पर मिली दो दिन पुरानी लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

साउथ टीटी नगर स्थित काटजू अस्पताल के पास झुग्गी में रहने वाले लोडिंग ऑटो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी दो दिन पुरानी लाश उसके ही लोडिंग ऑटो की ड्रायविंग सीट पर पड़ी मिली है। अधिक शराब पीने अथवा दिल का दौरा पडऩे से मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण सामने आ सकेंगे।

पुलिस के मुताबिक काटजू अस्पताल के पास झुग्गीबस्ती निवासी बृजेश साहू (45) खुद का लोडिंग ऑटो चलाता था। पहली पत्नी से अलग होने के बाद उसने दूसरी शादी की थी। पिछले कुछ दिनों से दूसरी पत्नी अपने बच्चों के साथ आमला बैतूल गई हुई थीं। बृजेश साहू यहां अकेला था। बुधवार सुबह करीब दस बजे पड़ोसियों ने घर के पास खड़े उसके लोडिंग ऑटो के पास खून बहता देखा। खून ऑटो के भीतर से आ रहा था। लिहाजा पड़ोसियों ने ऑटो में झांककर देखा तो ड्रायविंग सीट पर बृजेश साहू की लाश पड़ी दिखी। ड्रायविंग सीट पर बृजेश बैठी हालत में झुके हुए थे। इसलिए लाश दो दिन तक दिखाई नहीं दी।



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एएसआई नर्मदा प्रसाद उइके ने बताया कि बृजेश साहू को अधिक मात्रा में शराब पीने की आदत थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि नए साल के मौके पर एक जनवरी की रात वह अधिक मात्रा में शराब पीकर आया होगा और ऑटो में ही बैठा रह गया।






## मेट्रो एंकर

### डीआरपी लाइन में पदस्थ है महिला आरक्षक

# महिला आरक्षक से पुलिसकर्मी और उसके बेटे ने की छेडछाड़, मारपीट भी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर पुलिस ने महिला आरक्षक की शिकायत पर पिता पुत्र पर मारपीट, गालीगलौज और छेड़छाड़ समेत जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। पिता पुत्र भी पुलिस विभाग में बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी मारपीट, गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि 32 साल की महिला आरक्षक डीआरपी लाइन में पदस्थ है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार शाम वह डीआरपी लाइन के पार्क में टहलने गई थी। इस दौरान आंवले के पेड़ से आंवले तोड़ने लगी, तभी वहां एक महिला आई और कहने लगी कि आंवले मत तोड़ों। इसके बाद वह पार्क में घूम रही थी। इसी बीच वहां साहू अंकल आए और बदतमीजी करते हुए कहने लगे कि इस पार्क में अब दौबारा नहीं आना। कुछ देर बाद वहां साहू अंकल का बेटा राजेश साहू आया और उसने बुरी नियत से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर साहू अंकल और उनके बेटे ने मारपीट की है। उनके साथ अन्य लोग भी थे, जिन्हें वह नहीं जानती है। विवाद होता देख कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर उन्हें बचाया। इधर, पुलिस ने विनिता साहू की शिकायत पर महिला आरक्षक और उनकी भतीजी पर गालीगलौज मारपीट समेत जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022